खंड–४ संख्या–७

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

( भाग–१ कार्यवाही प्रश्नोत्तर । )

मंगलवार, दिनांक ७ जुलाई, १९८१ ई० ।

विषय-सूची


| | पृष्ठ |
| --- | --- |
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर— | |
| अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर संख्या | |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या–११३, ९४७, ९४८, ९४९, ९५०, ९५१, ९५२, ९५३, ९५४, ९५६, ९५७, ९५८, ९५९, ९६०, १०३९, १०४६ एवं १०४७ .. | १–२८ |
| परिशिष्ट–(प्रश्नों के लिखित उत्तर) .. .. | २९–८३ |
| दैनिक निबन्ध .. .. | ८४–८६ |


टिप्पणी—किन्हीं माननीय-मंत्री एवं सदस्यों ने अपने भाषण में संशोधन नहीं किये ।

२१।२४९ ल० ए०

## पुल का निर्माण

१०३०। श्री मो० हुसैन आजाद--क्या मंत्री, ग्रामीण पुनर्निर्माण एवं पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(१) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला अन्तर्गत मोजावाड़ी से पोआलाखी रोड और मुडिया से बेलवा रोड का पक्कीकरण कर किया गया है किन्तु उक्त रोड के पवना और मुडिया बेलवा के पिछला नाला पर पुल का निर्माण नहीं किया गया है जिससे आवागमन बन्द है;

(२) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों पूलों का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक नहीं तो क्यों ?

श्री चौधरी मो० सलाउद्दीन--(१) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(२) प्रश्नाधीन दोनों जगहों पर १३५-१३५ फीट लम्बे लकड़ी के पुल निर्माण की आवश्यकता है जिस पर लगभग १० लाख रुपये व्यय होगा जो अर्थाभाव के कारण संभव नहीं है।

---

## बसों की संख्या में वृद्धि

१०३१। श्री रामनाथ यादव--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(१) क्या यह बात सही है कि बांकीपुर दानापुर मार्ग पर यात्रियों की संख्या के अनुपात में बसों की संख्या कम है;

(२) क्या यह बात सही है कि बांकीपुर से दानापुर की दूरी मात्र ६ किलोमीटर है तथा उक्त दूरी तय करने के लिए प्रत्येक मिनी बस को डेढ़ घंटा समय दिया गया है, जिससे यात्रियों को आवागमन में अनावश्यक विलंब होता है।

(३) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार इस सम्बन्ध में कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?